गेल (इंडिया) लिमिटेड
(भारत सरकार का उपक्रम – महारत्न कंपनी)
GAIL (India) Limited
(A Government of India Undertaking - A Maharatna Company)

गेल भवन,
16 भीकाएजी कामा प्लेस
नई दिल्ली-110066, भारत
GAIL BHAWAN,
16 BHIKAIJI CAMA PLACE
NEW DELHI-110066, INDIA
फोन/PHONE : +91 11 26182955
फैक्स/FAX : +91 11 26185941
ई–मेल/E-mail : info@gail.co.in

एनडी/गेल/सेक्ट/2025 दिनांक 09.07.2025

| | |
|---|---|
| लिस्टिंग अनुपालन<br>नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड<br>एक्सचेंज प्लाजा, 5वीं मंजिल,<br>प्लॉट सं. सी/1, जी ब्लॉक,<br>बांद्रा-कुर्ला कॉम्प्लेक्स, बांद्रा (पूर्व)<br>मुंबई-400 051<br>**स्क्रिप कोड : गेल-ईक्यू** | लिस्टिंग अनुपालन<br>बी.एस.ई. लिमिटेड<br>फ्लोर 1, फिरोज जीजीभॉय टॉवर्स,<br>दलाल स्ट्रीट,<br>मुंबई- 400001<br><br>**स्क्रिप कोड: 532155** |

महोदय/महोदया,

कृपया " **गेल ने ओआईएल के साथ 15 वर्ष के लिए गैस विक्रय एवं क्रय समझौते पर हस्ताक्षर किए**" संबंधी प्रेस विज्ञप्ति की प्रति प्राप्त करें ।

धन्यवाद,

भवदीय,

महेश

**(महेश कुमार अग्रवाल)**
**कंपनी सचिव**

**अनुलग्नक :** यथोक्त

**प्रति:**

1. ड्यूश बैंक ए जी, फिलिआले मुंबई
   टीएसएस एंड ग्लोबल इक्विटी सर्विसेस
   द कैपिटल, 14वीं मंज़िल
   सी-70, जी ब्लॉक, बांद्रा कुर्ला कॉम्प्लेक्स
   मुम्बई-400051
   ध्यानाकर्षण : सुश्री अपर्णा सालुंके

2. बीकॉन ट्रस्टीशिप लिमिटेड,
   4 सी एंड डी, सिद्धिविनायक चैंबर्स,
   गांधी नगर, एमआईजी क्रिकेट क्लब के पीछे,
   बांद्रा (पूर्व), मुंबई- 400 051
   ध्यानाकर्षण : श्री कौस्तुभ कुलकर्णी

## गेल (इंडिया) लिमिटेड

## प्रेस विज्ञप्ति

### गेल ने ओआईएल के साथ 15 वर्ष के लिए गैस विक्रय एवं क्रय समझौते पर हस्ताक्षर किए

### ओआईएल के राजस्थान क्षेत्रों से 900,000 एससीएमडी प्राकृतिक गैस की आपूर्ति का सौदा

नई दिल्ली, 9 जुलाई, 2025: गेल (इंडिया) लिमिटेड ने 1 जुलाई, 2025 से शुरू होने वाले मौजूदा गैस विक्रय एवं क्रय समझौते को और 15 वर्षों के लिए बढ़ाने के लिए ऑयल इंडिया लिमिटेड (ओआईएल) के साथ गैस विक्रय एवं क्रय समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। इस समझौता के अनुसार राजस्थान के ओआईएल के बखरी टिब्बा ब्लॉक से प्रति दिन 900,000 मानक घन मीटर (एससीएमडी) प्राकृतिक गैस की आपूर्ति करना है, जिसमें डंडेवाला, तनोट और बागी टिब्बा क्षेत्र शामिल हैं।

इस समझौते को श्री सुमित किशोर, कार्यकारी निदेशक (विपणन-गैस), गेल और श्री रंजन गोस्वामी, कार्यकारी निदेशक (बीडी), ओआईएल द्वारा नई दिल्ली में निष्पादित किया गया था।

यह समझौता घरेलू गैस क्षेत्रों से उपलब्ध प्राकृतिक गैस के उत्पादन, परिवहन और वितरण में दोनों महारत्न सीपीएसई के समर्पण को दर्शाता है, जो ऊर्जा सुरक्षा और सुगमता को बढ़ाने के लिए उनके सहयोगी दृष्टिकोण को प्रदर्शित करता है। राज्य द्वारा संचालित विद्युत संयंत्र मैसर्स राजस्थान राज्य विद्युत उत्पादन निगम लिमिटेड (आरआरवीयूएनएल) को स्रोत गैस की आपूर्ति की जाएगी।

गेल देश भर में व्याप्त प्राकृतिक गैस पाइपलाइनों के 16,421 किलोमीटर नेटवर्क का स्वामी और प्रचालनकर्ता है, जो वित्तीय वर्ष 2024-25 में 127 एमएमएससीएमडी से अधिक प्राकृतिक गैस का संप्रेषण किया है । यह अपने प्रसार को और अधिक बढ़ाने के लिए कई पाइपलाइन परियोजनाओं के निष्पादन पर समवर्ती रूप से काम कर रहा है। गेल पाता में गैस आधारित पेट्रोकेमिकल कॉम्प्लेक्स का स्वामी प्रचालनकर्ता है और जिसकी पाता में 810 केटीए और बीसीपीएल में 280 केटीए की क्षमता है । इसके अलावा, गेल का एलएनजी पोर्टफोलियो 16.56 एमएमटीपीए (लगभग 60 एमएमएससीएमडी) है, जो भारत के कुल एलएनजी आयात का 61% है। गेल और इसकी सहायक कंपनियों/संयुक्त उद्यमों की भी शहर गैस वितरण में एक मजबूत बाजार हिस्सेदारी है । गेल सौर, पवन और जैव ईंधन जैसी नवीकरणीय ऊर्जा में भी अपनी उपस्थिति का विस्तार कर रहा है।